राज्य फेसिलिटेटर– अरुणाचल प्रदेश (आरआरसी–एनई) के पद पर भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है।

एनएचएसआरसी, गुवाहाटी, असम में अपने शाखा कार्यालय– पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी–एनई) में राज्य फेसिलिटेटर (अरुणाचल प्रदेश) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

- तैनाती वाले राज्य में एनएचएम गतिविधियों के कार्यान्वयन में सहयोग करना।
- पूर्वोत्तर राज्यों में स्वास्थ्य क्षेत्र के स्थितिजन्य विश्लेषण पर निदेशक, आरआरसी एनई की सहायता करना।
- संबंधित क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए आयोजित सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर आबंटित राज्यों/जिलों में एनएचएम के लिए जिला योजनाएं तैयार करने में सहायता करना।
- जिला योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करना।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर अध्ययन करना।
- जिला योजनाओं के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न जिलों की तकनीकी सहायता जरूरतों का पता लगाने में निदेशक, आरआरसी एनई की सहायता करना।
- राज्य एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधकों को यथावश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करना, और
- कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए सहयोगी पर्यवेक्षण आयोजित करना।
- राज्यों को एनएचएम गतिविधियों की निगरानी के लिए आवश्यकतानुसार सहायता करना
- राज्यों को नए एनएचएम प्रारूप में एमआईएस को संस्थानीकरण में सहायता करना
- राज्यों को उप केंद्र से जिला स्तर तक के संगठन में एनएचएम कार्यान्वयन को संस्थानीकरण में सहायता करना।
- रिपोर्टों/योजनाओं के मूल्यांकन में समय–समय पर निदेशक, आरआरसी–एनई की सहायता करना।
- एनएचएसआरसी और आरआरसी–एनई वार्षिक कार्य योजना के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करना
- आदर्श जिला प्रसूति कक्ष तैयार करने, एमपीआर, सीडीआर, गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन इत्यादि जैसे आकलन योग्य कार्यों का प्रदर्शन करना
- राज्य को अद्यतन साक्ष्य आधारित कार्यपद्धति और भारत सरकार की नवीनतम पहलों एवं दिशानिर्देशों के बारे में मार्गदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय– भारत सरकार, कार्यकारी निदेशक– एनएचएसआरसी, निदेशक, आरआरसी–एनई और राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रता एवं योग्यताएंः

अनिवार्य–

- जन स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य/निवारात्मक और सामाजिक चिकित्सा या चिकित्सा उपाधि में डाक्टरेट या स्नातकोत्तर उपाधि।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।

- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान अथवा सेवा प्रदायगी के नियोजन एवं कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।
- नियोजन एवं नीति सहित रणनीति विकास में प्रदर्शित अनुभव और/या फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन /जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु कार्य करने का का प्रदर्शित अनुभव।
- सामान्य तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर दक्षता; किसी एक कंप्यूटरीकृत लेखाकरण पैकेज का ज्ञान अत्यंत वांछनीय है।
- अच्छी मौखिक प्रस्तुति और लेखन कौशल
- प्रदर्शित प्रबंधकीय कौशल एवं टीम का नेतृत्व करने की योग्यता

आयु सीमा: 40 वर्ष या उससे कम, यात्रा करने के लिए पूर्णतः स्वस्थ होना चाहिए।

कार्य स्थल: मिशन निदेशक का कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अरुणाचल प्रदेश

रिपोर्टिंग: निदेशक, आरआरसी–एनई, गुवाहाटी

नोट: उत्कृष्ट उम्मीदवारों के लिए आयु/शैक्षिक योग्यता/अनुभव में ढील दी जा सकती है।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **6-Oct-2015** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।